**भारत सरकार**

**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1512**

**07 दिसम्बर, 2021 को उत्तरार्थ**

**सहकारी मॉडल में नीतिगत बाधाएं**

**1512. श्री एस. जगतरक्षकन:**

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में सहकारी मॉडल अनेक नीतिगत बाधाओं का सामना कर रहा है;
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या पहल की गई है/की जा रही है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) से (ग): देश में पहले से ही एक समृद्ध सहकारी विरासत और एक मजबूत सहकारी क्षेत्र है। हालाँकि, किसी भी क्षेत्र में सार्वजनिक नीति एक गतिशील दस्तावेज है जिसे समय और स्थिति की जरूरतों के आधार पर समय-समय पर संशोधित किया जाता है। सहकारिता मंत्रालय ने तदनुसार एक नई सहकारी नीति विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, नाबार्ड और देश भर के प्रमुख सहकारी संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श शुरू किया है ताकि इस क्षेत्र को और मजबूत किया जा सके।

*****